फिल्म 'खाकी' में अक्षय कुमार के लिए 'वादा रहा...' जैसा गाना गाने वाले अरनब चक्रवर्ती 'फैमिली' में भी उन्हें अपनी आवाज दे रहे हैं। नये गायक के लिए यह कम बड़ी बात नहीं है। अरनब से खास बातचीत-

अक्षय कुमार की आवाज 'अरनब'

'फैमिली' का प्रस्ताव किस तरह मिला?

राजकुमार संतोषी की फिल्म 'खाकी' में गाया मेरा गीत 'वादा रहा...' हिट था, जिसके लिए मुझे २००५ में लंदन के एक्सेल एरेना में आयोजित जी सिने अवार्ड में श्रेष्ठ गायक का नामांकन भी मिला था। इस गीत की कामयाबी के साथ मैं भाग्यशाली रहा कि इसी टीम के साथ मुझे 'फैमिली' में तीन गाने गाने का मौका मिला है।

'खाकी' के एक हिट गीत से 'फैमिली' में अक्षय कुमार के लिये तीन गीत...?

जी हां, और मजे की बात यह है कि 'कतरा...कतरा...', 'जनम...जनम...' और 'ब्रिक वाइट...' तीनों गीत एक दूसरे से अलग अंदाज के हैं।

विज्ञापन फिल्में, रीमिक्स और अब फिल्मों में गायन। क्या यह एक रणनीति थी?

नहीं ऐसा तो कुछ नहीं सोचा था। रचनात्मकता किसी भी क्षेत्र में हो, वह संतुष्टि देती है। रीमिक्स एक बड़ा क्षेत्र है, जहां क्लासिक गीतों को दोबारा पेश किया जाता है। यहां गीत के दोनों संस्करणों की तुलना होती है, जो गायक के आत्मविश्लेषण में काफी सहायक होती है। जिंगल्स गाना भी काफी चुनौतीपूर्ण होता है। यहां चंद सेकेंड में एक उत्पाद से संबंधित भावों को प्रस्तुत करना पड़ता है।

उन ब्रांड्स के नाम बताइए, जिनके लिए आपने आवाज दी है?

मैंने एयरटेल, पांड्स, विमल, सेमसंग, आईसीआईसीआई बैंक, रीवाइटल, हॉर्लिक्स, मार्टिन, ७अप, सियाराम, फारच्यून कुकिंग आयल, सनसिटी, माणिकचंद, ओडोनिल और ब्रिटानिया आदि के लिये जिंगल्स गाये हैं।

आप मूल रूप से कोलकातावासी हैं। बालीवुड में प्रवेश संभव कैसे हो पाया?

छह साल पहले मैं कोलकाता से मुंबई आया था। मैंने अपनी आवाज का एक डेमो टेप बनवाया और संगीतकारों के दफ्तर के चक्कर काटने लगा। इस क्रम में मैंने रीमिक्स, जिंगल्स और क्षेत्रीय भाषा की फिल्मों में गाने गाये। अब हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के लिये गा रहा हूं।

संगीत भाषा से परे होता है, पर आपने बांग्ला, तेलुगु, असमी और उड़िया आदि भाषाओं में गायन किया है?

'वादा रहा... की लोकप्रियता के बाद मैंने बांग्ला, तेलुगु, असमी और उड़िया आदि भाषाओं में गाने गाये हैं। दक्षिण में गायन का सिलसिला एमएम करीम के साथ शुरू हुआ था।

■ नारद